दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र 2022-23

अभ्यास कार्य पत्रिका

कक्षा-चौथी **विषय-हिन्दी**

उपविषय-पठित गद्यांश, संज्ञा भेदों सहित,लिंग

निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

एक दिन खेलते हुए बच्चों की गेंद गहरे तालाब में गिर गई। अब क्या हो! रज्जी ने पत्थर के टुकड़ों से ऐसे निशाने लगाए कि आनन-फ़ानन में गेंद तालाब के किनारे लग गई।सुगंधा उसकी कक्षा में पढ़ती थी।वह अपना काम अच्छी तरह करती थी।रज्जी ने उससे कॉपी माँगी,किंतु उसने नहीं दी।रज्जी ने मध्यावकाश के समय रबड़ का एक बिच्छू इस तरह से उछाला कि वह सीधा सुगंधा के सिर पर गिरा।वह चीख पड़ी।रज्जी के इन कारनामों से उसके माता-पिता काफ़ी परेशान थे।रोज़ रज्जी की तरह-तरह की शिकायतें आया करतीं। कभी माली से,कभी पड़ोसी से,कभी स्कूल से।पढ़ाई में भी रज्जी का ध्यान न लगता।उसके माता-पिता को समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें।उन्होंने रज्जी के स्कूल जाकर समाधान ढूंढने का निश्चय किया।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्र०1)एक दिन खेलते हुए बच्चों की गेंद कहाँ गिर गई?

प्र०2)रज्जी के माता-पिता क्यों परेशान थे?

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-

प्र०3)आनन-फ़ानन में

प्र०4)समाधान-

निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही(✓)या गलत(✕)का निशान लगाइए-

प्र०5)सुगंधा रज्जी की कक्षा में पढ़ती थी।( )

प्र०6)रज्जी पढ़ाई में पूरा ध्यान लगाता था।( )

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए-

प्र०7)<u>रमेश</u> खेल रहा है।

प्र०8)मैं अपने <u>मित्र</u> के साथ खेल रहा हूँ।

प्र०9)गायक की आवाज़ में <u>मिठास</u> है।

प्र०10)मंच पर लड़की नाच रही है।

प्र०11)आज बहुत गर्मी है।

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनःलिखिए

प्र०12)धोबी कपड़े धो रहा है।

प्र०13)शिक्षक पढ़ाई रहा है।

प्र०14)पिता अपने पुत्र को प्यार कर रहा है।

प्र०15)छात्र पढ़ रहा है।

प्र०16)राजा बगीचे में टहल रहा है।